## भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (भाविशिप), देहरादून की महानिदेशक का प्रदर्श ग्राम बंजारी (लखनादौन) भ्रमण (07/06/2025)



भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (भाविशिप), देहरादून की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी (भावसे) ने हाल ही में प्रदर्श ग्राम बंजारी (लखनादौन) का दौरा (07 मई) किया, जहाँ उन्होंने स्थानीय हितग्राहियों, विशेषकर महिला समूहों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान, उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न प्रशिक्षणों, जैसे कि मशरूम की खेती और अर्जुन छाल से आय सृजन, के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रही महिलाओं के प्रयासों को सराहा।

महानिदेशक महोदया ने महिला समूहों के साथ विस्तृत चर्चा की और उनके नवाचारी कार्यों तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए।

अपनी यात्रा के दौरान, श्रीमती कंचन देवी ने नगर वन ( लखनादौन) में स्थापित हल्दीना और टूना के वृक्षारोपण का भी अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए, उन्होंने स्वयं भी वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर, प्रदर्श ग्राम की नोडल अधिकारी, डॉ. ननीता बेरी ने महानिदेशक महोदया का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। लखनादौन के एसडीओ, श्री गोपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. हरिश सिंह गिनवाल, वन अधिकारी और सभी प्रभागाध्यक्ष उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

शाम को, महानिदेशक महोदया गौरी घाट पहुँचीं और प्रसिद्ध नर्मदा आरती में सम्मिलित हुईं। उन्होंने माँ नर्मदा से आशीर्वाद प्राप्त किया , जो उनकी इस यात्रा का एक आध्यात्मिक पहलू भी रहा।







भा.वा.अ.शि.प.–उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान,
जबलपुर (म0प्र0)
प्रदर्श ग्राम–बंजारी में
माननीय महानिदेशक महोदया का
वागतम्
फॉरेस्ट ब्लैसिंग प्रोड्यूसर कं. लि.
लखनादौन, उत्तर सिवनी वन मंडल
ALTOS
Smt. Kanchan Devi, IFS
Director General, ICFRE







June 7, 2025





June 7, 2025


भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद)
स्वागतम्



June 7, 2025

